# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

शुक्रवार

19 जनवरी 2024

आपकी आवाज




हत्या और रंगदारी सहित दर्जन भर कांडों में वांछित इनामी गिरफ्तार

2



### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने के लिए किए जा रहे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

# वॉल से लेकर रेत पर उकेरे जा रहे प्रभु श्रीराम

- राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का भी हो रहा आयोजन
- 18 जनवरी से कार्यक्रमों ने पकड़ी गति, प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी जारी रहेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गतिविधियां

**केटी न्यूज/अयोध्या**

योगी सरकार अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये कार्यक्रम पूरी गति से शुरू हो चुके हैं और प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी यह अनवरत जारी रहने वाले हैं।

राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सीआरपीएफ की दीवार पर लगभग तीन हजार वर्गफीट, अयोध्या कलेक्ट्रेट भवन की दीवार पर लगभग 1500 वर्गफीट एवं राम की पैड़ी मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग के भवन की दीवार पर लगभग 1200 वर्गफीट के क्षेत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 40 कलाकारों द्वारा वॉल पेंटिंग की जा रही है। इसके अलावा महर्षि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर महर्षि वाल्मीकि की ब्रांज की प्रतिमा, सूर्यकुंड पर भगवान सूर्य एवं गणेश कुंड पर भगवान गणेश की ओडिशा सैंड स्टोन की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। वहीं 18 जनवरी से भगवान राम एवं रामचरित पर आधरित भगवान राम की बाललीला, भगवान राम की गुरुकुल लीला, हनुमान लीला, ताड़का वध, सीता स्वयंवर, राम-जटायु मिलन, हनुमान सीता मिलन जैसे विभिन्न परिदृश्यों पर चित्रकला के साथ मूर्तिकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 50 कलाकारों द्वारा 40 चित्रों एवं 10 मूर्तियों का सृजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के 10 जनपदों गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, मेरठ, बरेली और लखनऊ में भगवान श्रीराम और उनके जीवन चरित्र पर आधारित होम स्टूडियो कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 1 फरवरी से 29 फरवरी के बीच होगी। कार्यशाला में चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन अयोध्या धाम में किया जाएगा।



## आगंतुकों की सेवा के लिए तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की टेंट सिटी तैयार



**अयोध्या।** मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी।

**पांच भोजनालय हो गए प्रारंभ:** तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है। छावनी योग केंद्र की टेंट सिटी के प्रभारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज हैं। यहां की व्यवस्था में दर्शन, महेश, डा.परमानंद आदि लगे हैं। इसके अलावा कारसेवकपुरम की टेंट सिटी भी आगंतुकों की अगवानी को तैयार है।



## 6 जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

**अयोध्या।** योगी सरकार राम भक्तों और पयर्टकों को हेलिकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरूआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के 6 जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता आपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवायें प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा।

### राम मंदिर ऐरियल दर्शन के देने होंगे 3,539 रुपये

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम भक्तों को हेलिकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। राम भक्तों को राम मंदिर ऐरियल दर्शन भी कराए जाएंगे। इसके लिए रामभक्त सरयू तट स्थित टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हैलीपेड से उड़ान भर सकेंगे। इसके तहत श्रद्धालुओं को राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट समेत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों की हवाई सैर भी करायी जाएगी। इस हवाई सफर का अधिकतम समय 15 मिनट होगा जबकि प्रति श्रद्धालु किराया 3,539 रुपये है। इसके अलावा श्रद्धालु गोरखपुर से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भर सकेंगे। यह दूरी 126 किमी. की होगी, जिसे 40 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 11,327 रुपये तय किया गया है।

### अयोध्या के लिए वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर

पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालु वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है। इसी तरह श्रद्धालु लखनऊ के रमाबाई से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। यह दूरी 132 किमी की होगी, जिसे 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये है जबकि प्रयागराज में टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हैलीपैड से हेलीकॉप्टर की सेवा मिलेगी। यह दूरी 157 किमी. की है, जिसे 50 मिनट में पूरा किया जाएगा। प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये है। मथुरा के बरसाना स्थित गोवर्धन परिक्रमा के पास बने हैलीपेड और आगरा में आगरा एक्सप्रेस वे के पास बने हैलीपेड से सेवा का लाभ उठाया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 35,399 रुपये है।

# पटना में उप नगर आयुक्त पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

- नशे में धुत हमलावर बोला- नागेंद्र यादव का बेटा हूं, लालू यादव का पोता हूं, जो उखाड़ना है उखाड़ लेना

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार की राजधानी पटना में उप नगर आयुक्त अरविंद सिंह पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर नशे में थे। आरोप है कि हमलावरों में एक युवक खुद का नाम तनुज यादव बता रहा था, कह रहा था कि मैं नागेंद्र यादव का बेटा हूं, लालू यादव का पोता हूं। जो उखाड़ना है उखाड़ लेना। नशे में धुत्त बदमाशों ने उप नगर आयुक्त को इस बुरी तरह पीटा कि उनकी हालत बेहद गंभीर हो गयी है। उन्हें इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया है। परिजन उन्हें लेकर दिल्ली रवाना हो गये हैं।

जानकारी के अनुसार गया जिले के डोभी नगर पंचायत के उप नगर आयुक्त अरविंद कुमार सिंह मंगलवार की रात पटना के गोला रोड से बोरिंग रोड स्थित अपने घर जा रहे थे। रात के लगभग साढ़े नौ बजे गोला रोड में ही नशे में धुत्त कुछ युवकों ने उनकी स्कोर्पियो गाड़ी को रोक लिया। अरविंद कुमार सिंह के भाई विजय सिंह भी उसी गाड़ी में सवार थे। विजय सिंह ने बताया कि गाड़ी रोकने वाले युवक नशे में धुत्त थे। अरविंद कुमार सिंह उनसे बात करने के लिए नीचे उतरे इतने में बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

### जो गलती करेगा उस पर होगी कार्रवाई: तेजस्वी

पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अधिकारी की पिटाई का मामला सामने आया है। मामला संज्ञान में आने के बाद वे खुद पटना एसएसपी को फोन किये थे। कहा कि चाहे हमारे परिवार का हो या कोई रिश्तेदार हो जो गलती करेगा उस पर कार्रवाई होगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

# कटिहार में वार्ड पार्षद के पति समेत 2 की गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

कटिहार में नगर निगम के वार्ड पार्षद की गाड़ी पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में तीन लोगों को गोली लगी। इसमें पार्षद के पति छोटू पोद्दार (35) और उनके सहयोगी प्रीतम चौधरी (32) की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं, ड्राइवर उदिप पोद्दार की कमर में गोली लगी है, जो गंभीर रूप से घायल है। घटना गुरुवार को नगर थाना क्षेत्र के हरिगंज चौक की है। तीनों कार में सवार होकर कोर्ट से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार पांच अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। घायल ड्राइवर ने बताया कि करीब 20 राउंड फायरिंग की गई है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि बिहार में जंगल राज पार्ट-3 है। राज्य में आम आदमी से लेकर जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं है। घटना की सूचना मिलने के बाद कटिहार एसपी जितेंद्र कुमार और नगर थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि मृतक छोटू पोद्दार एक इंटर स्टेट कुख्यात अपराधी था। उसके खिलाफ लूट, हत्या, डकैती सहित दर्जनों मामले चल रहे थे। कुछ दिनों पहले ही वह जेल से बेल पर बाहर आया था।

# उदयनिधि स्टालिन पर केस करने वाले वकील को जान से मारने की धमकी

**केटी न्यूज/पटना**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के मंत्री बेटे के खिलाफ पटना में केस दर्ज कराने वाले वकील को जान से मारने की धमकी मिली है। पटना हाई कोर्ट के वकील कौशलेंद्र नारायण को व्हाट्सएप पर कॉल कर धमकी दी गई है। पीड़ित वकील ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। दरअसल,तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से कर दी थी। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा था कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, उन्हें खत्म करना होता है। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। सनातन का विरोध नहीं, बल्कि उसे खत्म कर देना चाहिए।

उदयनिधि स्टालिन के इस बयान को लेकर पटना हाईकोर्ट के वकील डॉक्टर कौशलेंद्र नारायण ने सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। एमपी एमएलए कोर्ट ने 15 जनवरी को समन जारी कर उदयनिधि को आगामी 13 फरवरी को सशरीर कोर्ट में उपस्थित रहने को कहा है।

# पटना में एमपी के सीएम मोहन यादव बोले... नेतृत्व क्षमता और अवसरवादिता के कारण बिहार पिछड़ा

**केटी न्यूज/पटना**



मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव शुक्रवार को पटना पहुंचे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में उन्होंने कहा कि बिहार में किसी चीज की कमी नहीं है। बिहार से ही सबसे अधिक आईएएस-आईपीएस अधिकारी निकलते हैं। यहां के लोग अपनी मेहनत से आगे बढ़ते हैं और नई पहचान बनाते हैं। हर क्षेत्र में बिहार के लोगों की विशेष पहचान है। आपातकाल के समय भी बिहार की धरती से शंखनाद हुआ है। उन्होंने कहा कि देश के 5 बीमारू राज्य में 4 आगे बढ़ गए लेकिन बिहार वहीं खड़ा है। यहां नेतृत्व क्षमता और अवसरवादिता के कारण बिहार पिछड़ा है। बिहार को आगे बढ़ाने में एमपी हर मदद को तैयार है। मध्यप्रदेश आने के लिए बिहार के भाई बहनों को मैं आमंत्रण देता हूं। मोहन यादव ने कहा कि माता सीता की जन्मस्थली में आ कर मैं सब को प्रणाम करता हूं। बिहार सम्राट अशोक की धरती है। कंश का वध भगवान श्रीकृष्ण ने किया लेकिन वो सत्ता की कुर्सी पर नहीं बैठे। महाराजा उग्रसेन को गद्दी पर बैठाकर श्रीकृष्ण ने शिक्षा के लिए काम किया।

बिहार के लोगों को मध्य प्रदेश आने का सीएम मोहन यादव ने न्योता दिया और कहा कि व्यापार करना हो या वहां आकर रहना हो मध्य प्रदेश जरूर आइए। कहा कि देश दुनिया में कई पार्टियां है लेकिन एक बीजेपी पार्टी है जो कब किस कार्यकर्ता को पीएम और सीएम बना दे।

### योगी कैबिनेट ने 8 प्रस्तावों पर लगाई मुहर, प्रदेश में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों का रास्ता साफ

# गन्ना के मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि का प्रस्ताव मंजूर

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्री परिषद् की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान 8 अहम प्रस्तावों पर योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए गन्ना मूल्य में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। साथ ही साथ गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव पर भी योगी कैबिनेट की मुहर लग गई है। प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।



कैबिनेट बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए प्रदेश के समस्त चीनी मिलों के द्वारा क्रय किये जाने वाले गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण किया गया है। इसमें गन्ने की अगेती प्रजातियों के लिए निर्धारित मूल्य 350 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 370 रुपए, सामान्य प्रजाति के लिए 340 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 360 रुपए और अनुपयुक्त प्रजाति के लिए गन्ना मूल्य 335 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

बैठक में प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जे एस एस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योगी कैबिनेट ने बहु प्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की है। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अबतक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। यूपी चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है, जिसे विशेषज्ञों ने सर्वोत्तम नीति बताया है। इससे बड़े पैमाने पर निवेश प्रदेश में आएगा। यूपी सेमी कंडक्टर निर्माण सेक्टर में लीडर बने इसके लिए इस नीति को लाया गया है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपए का फंड दिये जाने की व्यवस्था है। यूपी सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। पॉलिसी में उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की भी व्यवस्था है। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी।




# दो गुटों के वर्चस्व की लड़ाई में की गयी दारोगा के भाई की हत्या

**जगदेव नगर हत्याकांड**

**केटी न्यूज/आरा**

नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर गली नंबर एक में बुधवार की रात लड़कों के दो गुटों के वर्चस्व की लड़ाई में इंटर के छात्र अमन कुमार की गोली मार हत्या कर दी गयी। मारपीट, रोड़ेबाजी और फायरिंग के दौरान उसके सिर में पीछे से गोली मार दी गयी थी। उस दौरान करीब दर्जन भर राउंड फायरिंग की बात कही जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से तीन खोखे मिले हैं। पोस्टमार्टम के दौरान भी छात्र के शव से एक बुलेट बरामद किया गया है। मारपीट और रोड़ेबाजी में एक घर की खिड़की के शीशे टूट गये हैं। गली में खड़ी दो स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गयी। 23 वर्षीय इंटर का छात्र अमन कुमार कतीरा के तिलक नगर निवासी रिटायर फौजी राम कुमार सिंह का पुत्र था। उसका बड़ा भाई अमित कुमार झारखंड में दारोगा है। इधर, हत्या की सूचना पर एएसपी चंद्रप्रकाश तत्काल पुलिस बल के साथ पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की। एएसपी पहले घटनास्थल और फिर सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने छात्र के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम द्वारा भी तफ्तीश की गयी। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि अबतक जांच में लड़कों के दो गुटों के बीच आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। बताया कि जगदेव नगर और कतीरा मोहल्ले में रहने वाले कुछ लड़कों के बीच हथियार की देन सहित अन्य छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। बुधवार की शाम भी दोनों गुट के बीच विवाद हुआ था। इस बार किसी लड़की को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है। उसे लेकर अमन को उसके कॉलोनी के ही रहने वाले अमन चौधरी नामक अपराधी प्रवृत्ति के युवक द्वारा झगड़ा करने के लिये अन्य लड़कों के साथ जगदेव नगर मोहल्ले में गया हुआ था। वहां मारपीट और फायरिंग के दौरान किसी द्वारा अमन कुमार को पीछे से सिर में गोली मार दी गयी। उससे अमन कुमार की मौत हो गयी। अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया।

## पैसे के लेनदेन के विवाद में दोस्त को मारी गोली

**आरा।** सहार क्षेत्र के एकवारी गांव में गुरुवार की शाम पैसे लेने-देने के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसके बाएं साइड सीने में लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक एकवारी गांव निवासी सुमेश्वर सिंह का 40 वर्षीय पुत्र आलोक सिंह उर्फ पिंटू सिंह उर्फ बिटेश्वर सिंह है। गोली मारने का आरोप गांव के ही चांद कुमार उर्फ लिली सिंह उर्फ लिलिया पर लगा है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि बिटेश्वर सिंह और लिलिया सिंह दोस्त हैं। बिटेश्वर सिंह ने लिली सिंह उर्फ लिलिया के खेत में बांधे गये बांस को जला कर आग ताप लिया था। उसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और लिलिया द्वारा गोली मार दी गयी। हालांकि बिटेश्वर सिंह की पत्नी द्वारा पैसे की लेन देन के विवाद में गोली मारे जाने का आरोप लगाया जा रहा है। उस एंगल से भी छानबीन की जा रही है।

## एक नजर

### अनियंत्रित स्कार्पियो नदी में गिरी, लोजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया समेत तीन की मौत

**सासाराम।** सड़क दुघर्टना में मुखिया समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जिसके पूरे इलाके में कोहराम मच गया। दुघटना बुधवार की रात रोहतास जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल के दिनारा थाना में हुई। घटना योगिया-दिनारा पथ पर कंचन नदी पर बने सेमरी पुल से एक स्कॉर्पियो नदी में गिर गई। घटना में दिनारा प्रखंड के बीसी कलां पंचायत के मुखिया उमेश पासवान सहित बिपिन गोसाई व महेंद्र पाल की दुघर्टना में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। सभी घायलों को पीएचसी दिनारा लाया गया जहां उनका डाक्टरों द्वारा किया जा रहा है। मृतक मुखिया के परिजन राकेश कुमार ने बताया कि सभी लोग एक तिलक समारोह में भाग लेने स्कार्पियो गाड़ी से जा रहे थे। उसी दौरान सेमरी पुल पर गाड़ी चढ़ते ही स्कार्पियो अनियंत्रित हो गई एवं पुल के नीचे नदी में जा गिरी। धड़ाम की तेज आवाज होते ही स्थानीय ग्रामीण इकट्ठा हुए तथा किसी तरह गाड़ी में फंसे लोगो को निकाला गया। तब तक मुखिया सहित तीन की मौत हो चुकी थी। वहीं अन्य सवार को अस्पताल पहुंचाया गया। मृतक मुखिया लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ता भी थे तथा पूर्व में दिनारा के प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके थे। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

### तिलक समारोह से लौट रहे बाइक सवार युवा कारोबारी की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोड़ के पास बुधवार की देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक कारोबारी की मौत हो गयी। दोस्त के घर से तिलक समारोह से लौटने के दौरान उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी दीपक कुमार सिंह का 29 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार सिंह था। वह शहर की दुकानों में स्टेशनरी का सामान सप्लाई करता था। उसके चाचा गौतम सिंह ने बताया कि बुधवार की रात वह अपने एक दोस्त के घर तिलक समारोह में शामिल होने आरा गया था। देर रात वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान सपना सिनेमा के मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद डायल 112 पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा ही घटना की की सूचना दी गयी। तब वे लोग सदर अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के बाद डाक्टरों द्वारा उनकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के दौरान बिहटा के समीप उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि अभिषेक दो भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां गीता देवी, पत्नी श्वेता देवी, पुत्र अथर्व और छोटू है। छोटू अभी तीन माह का है। उसके सर से पिता का साया उठ गया।

### संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज पहुंचे बारुण

**औरंगाबाद।** विहंगम योग संस्थान के स्वर्वेद कथा प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज का गुरुवार को बारुण में पदार्पण हुआ। जिला सहसंयोजक डॉ. श्याम नाराई प्रसाद, विहंगम आटो से अमित राज पियूष, प्रखंड प्रभारी सुनिल संगम सहित अन्य भक्तों ने सदगुरु देव भगवान की जय, हम सबका संकल्प महान, स्वर्वेद महामंदिर निर्माण का जयघोष करते हुए संत प्रवर माल्यार्पण कर अभिनंदन व स्वागत किया। भक्तों को संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने प्रसाद वितरण करते हुए आशीर्वाद दिये। वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा साधना केंद्र स्वर्वेद महामंदिर धाम वाराणसी से चलकर बारुण आए हैं। जन-जन तक,घर-घर तक स्वर्वेद की ध्वनि गुंजे, स्वर्वेद पहुंचे ताकि आध्यात्मिक राज्य की स्थापना हो सके। यह हम सबका लक्ष्य है। सदगुरु सदाफल देव जी महाराज का अद्वितीय सदग्रंथ स्वर्वेद आध्यात्मिक रत्न है। जिसका पाठ हमें करना अत्यंत आवश्यक है।

## खबरें फटाफट

### अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**जहानाबाद।** शुक्रवार को रतनी फरीदपुर प्रखंड के रामसेविगहा गांव में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का बुलडोजर चला जिसमें 6 मकान को ध्वस्त किया गया। अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने बताया कि रामसेविगह गांव में 6 लोगों ने 42 डिसमिल सरकारी जमीन को अतिक्रमण कर मकान बना लिया था। लोक शिकायत निवारण द्वारा रंजीत शर्मा, गजेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, गिरजेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा को नोटिस दिया गया कि वह जगह खाली कर दें लेकिन नोटिस के बाद भी इन लोगों ने सरकारी जमीन को खाली नहीं किया तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।

### ट्रक चालक को मारी गोली, गंभीर

**जहानाबाद।** ट्रक चालक को गोली मारकर घायल करने का एक मामला सामने आया है। घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना ओकरी क्षेत्र के पुरुषोत्तम पुर गांव के समीप का है। पीड़ित हाइवा ट्रक चालक विजय यादव शकूराबाद थाना क्षेत्र के इस्लाम चक गांव का निवासी है। वह एनएच 83 पर मिट्टी भराई का कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच मुंशी के साथ आपसी विवाद में उसे गोली मार दी गई।

### देसी कट्टा व पिस्तौल के साथ आरोपित धराया

**औरंगाबाद।** देसी कट्टा व पिस्तौल के साथ एक युवक को देव थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरा फरार हो गया। पकड़े गए आरोपित का अपराधिक इतिहास रहा है जिसके विरूद्ध देव थाना में छह अपराधिक कांड दर्ज. हैं। आरोपित थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी रामध्यान पांडे है। जबकि फरार आरोपित इसका भाई शिवध्यान पांडे है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद के नेतृत्व में पु.अ.नि श्वेता वर्मा, पु.अ.नि राहुल कुमार सहित अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई।

## एसटीएफ की मदद से भोजपुर पुलिस ने पटना रेलवे स्टेशन से कुख्यात को दबोचा

# हत्या और रंगदारी सहित दर्जन भर कांडों में वांछित 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

◆ बैग कारोबारी इमरान व उनकी बहन की हत्या व रंगदारी सहित दर्जन भर कांडों में वांछित था इनामी नैयर



**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नगर थाना क्षेत्र के दूध कटोरा मोहल्ला निवासी बैग कारोबारी इमरान और उनकी बहन शबनम तारा की हत्या में वांछित पचास हजार के इनामी नैयर इकबाल उर्फ मो नैयर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे बुधवार की रात एसटीएफ की मदद से पटना रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। नगर थाना क्षेत्र के काजी टोला निवासी नैयर इकबाल उर्फ मो.नैयर शार्प शूटर माना जाता है।

बताया जा रहा वह दोनों हाथ से गोली चलाने माहिर है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि काजी टोला निवासी नैयर इकबाल उर्फ मो. नैयर नगर थाना की 2018 और 2019 की हत्या के दो मामलों में फरार चल रहा था। साथ ही रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित दर्जन भर अन्य मामलों में भी वांछित था। उसके खिलाफ मुख्यालय की ओर से पचास हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी को एसटीएफ के साथ ही भोजपुर पुलिस की टीम भी लगी थी। भोजपुर पुलिस की ओर से एसटीएफ को लगातार इनपुट भी दी जा रही थी। इस बीच बुधवार की देर शाम सूचना मिली कि नैयर इकबाल ट्रेन से कोलकाता भागने की तैयारी में है। उसे लेकर वह पटना रेलवे स्टेशन पहुंचा है। उस आधार पर एसटीएफ और नगर थाने की टीम द्वारा छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि नैयर इकबाल हत्या की दो घटनाओं के अलावे रंगदारी और आर्म्स एक्ट जैसे दर्जन भर कांडों में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस की एक बड़ी सफलता है।

नगर थाना क्षेत्र के धर्मन चौक छह दिसंबर की दोपहर में बैग कारोबारी इमरान खान को गोलियों से भून डाला गया था। अंधाधुंध फायरिंग में दुकान पर मौजूद कारोबारी के भाई अकिल अहमद और बीएसएनएल के एक कर्मचारी जख्मी हो गये थे। उसे लेकर अकिल अहमद की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें खुर्शीद कुरैशी पर दस लाख की रंगदारी नहीं देने पर अपने साथियों के साथ हत्या करने का आरोप लगाया गया था। उसके करीब तीन माह में 25 फरवरी की रात केस नहीं उठाने पर इमरान खान की बहन शबनम तारा की हत्या कर दी गयी थी। नगर थाना क्षेत्र के नाजीरगंज मोहल्ले में रहने वाली शबनम तारा को उनके घर में घुसकर गोली मारी गयी थी। उस मामले में भी खुर्शीद कुरैशी सहित नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। हालांकि बैग कारोबारी इमरान की हत्या में खुर्शीद कुरैशी सहित अन्य दस आरोपित बरी हो चुके हैं। इधर, प्रतिशोध में खुर्शीद कुरैशी के भाई सोनू की भी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### हत्या व लूट सहित विभिन्न कांडों में वांछित टॉप-10 सहित तीन अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस की टीम द्वारा से हत्या और लूट सहित विभिन्न कांडों में वांछित टॉपटेन ब्रजेश कुमार सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को बुधवार की शाम अपराध की साजिश रचते तरारी थाना क्षेत्र के महादेवपुर मोड़ के पास पकड़ा गया। इनके पास से दो देसी पिस्टल, दो गोली, तीन मोबाइल व एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी ब्रजेश कुमार, छपरा टोला (सेमरांव) गांव निवासी रवि कुमार और तरारी थाना क्षेत्र के वोरसी गांव निवासी रंजीत कुमार शामिल हैं। तीनों पूर्व में जेल जा चुके हैं। इनकी गिरफ्तारी से अकरौंज गांव के पास सीएसपी संचालक से लूट का भी खुलासा हुआ है। तीनों द्वारा लूट में शामिल होने की बात भी स्वीकार की गयी है। ब्रजेश कुमार भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था। उसकी सहार थाने के गोडिहां गांव में भंडारे में प्रसाद खाने के दौरान लल्लू यादव नामक युवक की गोली मारकर हत्या करने और लूट की घटनाओं में तलाश थी। उसने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।

## डीडीसी ने विकास योजनाओं में तेजी लाने पर दिया जोर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह द्वारा समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण के लिए जिले में कुल लक्ष्य 202 के विरुद्ध मात्र 113 का निर्माण ही अभी तक हुआ है जिस पर उप विकास आयुक्त ने खेद व्यक्त करते हुए सभी बीडीओ को जल्द से जल्द निर्माण करने के लिए निर्देश दिए। जिले में अभी तक प्लास्टिक वेस्ट कलेक्शन के द्वारा कुल 14282 किलो कचरा संग्रहण हुआ जिसे रिसायकल कर 11843 किलो बिक्री कर 213174 रुपया प्राप्त हुआ। सभी पंचायतों में सोखता के निर्माण पर चर्चा हुई जिसमें लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत कार्य हुआ। इसके अतिरिक्त मनरेगा की समीक्षा के क्रम में वृक्षारोपण, सभी मनरेगा जॉब कार्ड धारक को आधार से लिंक, वीओ भवन निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने आवास योजना की समीक्षा कर लंबित आवासों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## 21 तक कक्षा आठ तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश

**औरंगाबाद।** शीत लहर को देखते हुए 19 जनवरी तक विद्यालय बंद के आदेश निर्गत किया गया था, वहीं बढ़ाकर 21 जनवरी तक कर दिया गया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जिले के सभी निजी और सरकारी विद्यालयों प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र सहित वर्ग 8 तक शैक्षणिक गतिविधियों पर 21 जनवरी तक रोक लगाई गई है। जारी आदेश में वर्ग 9 एवं 9 के ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 9 30 बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे के बीच जारी रहेंगी। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

## राष्ट्र गौरव के प्रतीक हैं पृथ्वीराज चौहानः पूर्व राज्यपाल

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद शहर के ब्लॉक मोड़ पर पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई के प्रतिमा का अनावरण के साथ ही औरंगाबाद देश का पहला जिला बना जहां दो महापुरुषों की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसका अनावरण केरल एवं नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह, विदेश से पृथ्वीराज के अस्थि कलश लाने वाले राजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेर सिंह राणा, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, विधायक आनंद शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। अनावरण के पश्चात गेट स्कूल के मैदान में विशाल सभा का आयोजन किया गया।

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने कहा कि यह गौरव का क्षण है। देशभर में कहीं भी एक साथ इन दोनों महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। लेकिन औरंगाबाद जिला पहला ऐसा जिला बना जहां दोनों महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारत वर्ष के महान सम्राट थे, वो शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे। उन्होंने विदेशी आक्रमण कारियों को युद्धभूमि में अनेकों बार परास्त किया। आज के युवाओं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का अनुसरण करना चाहिए और देश के लिए सबकुछ बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिमा अनावरण के माध्यम से हम पूर्वजों के ऋण उतारते हैं। पूर्वजों ने जो देश में अपनी त्याग से नजीर स्थापित की है उससे हम ऋणमुक्त तभी हो सकते हैं जब हम उन्हें याद करें। इतिहासकारों ने पृथ्वीराज के साथ अन्याय जरूर किया है लेकिन उसे दरकिनार करते हुए हमें अपने पूर्वजों की विरासत को संजोना है।

नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह ने कहा कि कोई संस्था द्वारा यदि प्रतिमा लगाई जाए तो हम उसे तन मन धन से सहयोग करेंगे। आनंद शंकर सिंह ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा हमें विरासत से परिचय कराती है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि ट्रस्ट के सदस्यों को हर संभव मदद करेंगे। शिवहर विधायक चेतन आनंद ने कहा कि हजारों साल बाद आज की प्रतिमा का अनावरण यह दशार्ता है कि हम गुलामी की मानसिकता को कबूल नहीं कर सकते। शेर सिंह राणा ने कहा कि प्रतिमा स्थापित हमारी संस्कृति का धरोहर है।

## डीएम-एसपी ने किया ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वाहन रवाना



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम प्रचार वाहनों को समाहरणालय परिसर से रवाना किया। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार चुनाव घोषणा से तीन माह पूर्व ई.वी. एम. के भौतिक प्रदर्शन एवं डिजिटल तरीके से मतदाताओं को ई.वी.एम. से परिचित कराने एवं उनमें जागरूकता बढ़ाने को लेकर आज सभी छह विधान सभावार छह ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया। साथ ही बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निदेशों के आलोक में जिला में ई.वी.एम. के भौतिक प्रदर्शन एवं डिजिटल तरीके से मतदाताओं को ई.वी.एम. से परिचित कराने एवं उनमें जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी मतदान केन्द्रों भवनों को ईवीएम केन्द्र बनाते हुए प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन को रवाना किया गया। ये ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन वाहन संबंधित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्र भवनों रोस्टरवार पहुंच कर ईवीएम का प्रदर्शन करेंगे एवं मतदाता ई.वी एम का प्रयोग स्वयं करते हुए ई.वी.एम. से परिचित होंगे।






# दियारे इलाके के विकास के लिए 10 वर्षों से संघर्ष कर रहा हूं: विजय मिश्रा

♦ बलिया से दियारा क्षेत्र को सीधे जोड़ने के लिए बनाया जा रहा है सड़कों का जाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



दियारे के विकास के लिए मैं संकल्पित हूं तथा पिछले दस वर्षों से इसके लिए संघर्ष कर रहा हूं। जिसका परिणाम है कि जनेश्वर मिश्र सेतू से सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर प्रखंडो को जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता व सिमरी पश्चिमी जिप प्रतिनिधि विजय मिश्र ने गुरूवार को डुमरांव में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। वे जदयू नेता सह होटल व्यवसायी विनोद राय के साथ संयुक्त रूप से दियारें के विकास के लिए किये गए कार्यों तथा भविष्य की योजना पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 से ही मैं दियारा क्षेत्र को आर्सेनिक से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहा हूं, इसका परिणाम केशोपुर जलशोध संयत्र के रूप में अब सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन डीएम अरविंद कुमार वर्मा के सहयोग से इस जलशोध संयत्र की स्वीकृति राज्य सरकार से दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि इसी दौरान सिमरी सीएचसी को नयें भवन में शिफ्ट करवाया गया था। वही आशा पड़री से कोईलवर तटबंध तक तथा गंगौली से जनेश्वर मिश्र सेतू को जोड़ने वाली सड़क चौड़कीरण की स्वीकृति मिल गई है। जल्दी ही इस पर काम शुरू होगा। नेता द्वय ने बताया कि आशा पड़री से कोईलवर तटबंध तक साढ़े पांच मीटर चौड़ी तथा गंगौली से जनेश्वर मिश्र पुल के संपर्क पथ तक साढ़े तीन मीटर चौड़ी सड़क का टेंडर हो गया है। श्री मिश्र ने कहा कि दियारा में परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथ बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर ब्रह्मपुर से बलिया के भृगु आश्रम तक तथा केशोपुर, सिमरी होते हुए बलिया तक दो बस सेवाएं भी जल्द शुरू होगी। इसके लिए यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से आश्वासन मिला है।

### अर्जुनपुर हाई स्कूल के मैदान में बनेगा स्टेडियम

विजय मिश्र ने कहा कि नियाजीपुर बाजार में सड़क को चौड़ा करने के साथ ही फुटपाथी दुकानदारों तथा सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी भविष्य की योजना में अर्जुनपुर हाई स्कूल के मैदान में राज्य स्तरीय स्टेडियम बनवाने के साथ ही स्कूल के पीछे स्थित सरकारी जमीन पर वेंडिंग जोन बनवा नियाजीपुर में सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों तथा अन्य फुटपाथियों को वहां शिफ्ट करवा बाजार को अतिक्रमणमुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से इस मसले पर सार्थक वार्ता हुई है। जल्दी ही भविष्य की ये दोनों योजनाएं मूर्त रूप लेंगी। विजय मिश्र ने कहा कि उनके प्रयास से ही करीब एक दशक से हर साल तिलक राय के हाता से बलिया के महावीर घाट को जोड़ने वाला गंगा नदी पर बनने वाला पीपा पुल लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक यह पीपा पुल संचालित होता है तथा इससे दियारा के दर्जनों गांव के लोग सबसे कम दूरी में बलिया पहुंच जाते है। जिससे व्यवसायियों, छात्रों तथा मरीजों को बड़ा फायदा मिलता है।

## एक नजर

### सफाखाना रोड से युवक को उठा ले गए अज्ञात लोग, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** गुरुवार की देर शाम डुमरांव के साफाखाना रोड से एक युवक के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस की बेचैनी बढ़ गई। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि युवक को ले जाने वाले अपहरणकर्ता थे या किसी थाने की पुलिस। युवक के संबंध में सिर्फ इतना जानकारी मिल सकी है कि वह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बरहना गांव निवासी दीनानाथ सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अभय कुमार सिंह है। वह इटाढ़ी थाना क्षेत्र के ही खनिता गांव में कपड़ा की दुकान चलाता है। उसके चचेरे मामा विनोद सिंह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम वह घर पर आया तथा गाड़ी खड़ा ही किया था तब तक कुछ लोग आकर उसे जबरदस्ती उसी के गाड़ी पर बैठ कर नहर के रास्ते लेकर कहीं चले गए हैं। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है। विनोद ने बताया कि वह पहली बार हमारे यहां आया था। घटना के संबंध में कई तरह की अफवाहें हवा में तैर रही हैं। लेकिन कोई ठोस जानकारी किसी को नहीं मिल सकी है। घटना की पुष्टि करते हुए डुमरांव डीएसपी आफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि युवक के अपहरण की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वैसे प्रथम द्दष्टया यह मामला संदेहास्पद लग रहा है।

### पुराना भोजपुर में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने बांटा कंबल

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या एक में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि ने कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में कुल 60 असहायों को ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटा गया। इस दौरान वार्ड संख्या 13 के वार्ड पार्षद अमित कुमार चौरसिया सहित अन्य भी मौजूद रहें। पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि सर्दी का प्रकोप इन दिनों लोगों को झेलना पड़ रहा है। दिन में भी बादल छाए रहने से ठंड बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव को कंबल का वितरण किया गया। मौके पर राजेश सिंह, रवि कुमार मौर्य, सुजीत कुमार, जवाहर सिंह, रामप्रभाव सिंह, कमल सिंह सहित अन्य कई मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में ठेला चालक की मौत

**कृष्णाब्रह्म।** गुरुवार की शाम कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कृतसागर गांव के पास एनएच 922 पर अज्ञात वाहन के धक्के से एक ठेला चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शाम करीब साढ़े छह बजे की है। मृतक की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के कृष्णाब्रह्म महादलित बस्ती के सुरेन्द्र नट के 28 वर्षीय पुत्र गुड्डु नट के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार गुड्डु ठेला चला आजीविका कमाता था। गुरुवार की शाम वह ब्रह्मपुर से अपना ठेला लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही कृतसागर के पास पहुंचा कि पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजन मुआवजा दिलवाने तथा दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को पकड़ने की मांग कर रहे थे।

### अंबेडकर चौक से समरसेबुल की चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीएमपी चार स्थित अंबेडकर चौक से एक समरसेबुल मोटर चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बीएमपी चार के अधिकारी मदन प्रसाद यादव ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अज्ञात चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। वही बीएमपी जैसे सुरक्षित इलाके से मोटर की चोरी के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है। हालांकि इसके पहले भी आसपास की दुकानों में कई बार चोरी हो चुकी है।

### दुर्घटना में जख्मी अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर कुटी डेरा गांव के समीप एक सप्ताह पूर्व अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हुए स्थानीय गांव निवासी 55 वर्षीय रघुनाथ यादव की वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। उनकी मौत से परिजनों में मायूशी छाई है। बता दें कि वे 10 जनवरी को अपने घर से खेत का पटवन करने जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 922 पर अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई थी। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर ले गए थे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन में मोबाइल के साथ चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** गुरूवार को आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान आरक्षी विजय कुमार विजेता और आरक्षी सर्वेश यादव द्वारा डुमरांव रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 20801 अप मगध एक्सप्रेस से एक व्यक्ति को उसी गाड़ी से यात्रा कर रहे किसी यात्री से चोरी किए गए मोबाइल के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति शहर के रामरेखा घाट क्षेत्र का राजकुमार शाह है आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जीआरपी को सौंप दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरपीएफ की टीम यात्रियों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है।

### उप मुखिया पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**केसठ ।** कतिकनार उप मुखिया के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को खारिज हो गया। ज्ञात हो कि 11 जनवरी को वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया पर विभिन्न आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लगाया था। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा व शक्ति प्रदर्शन को ले गुरुवार को बैठक बुलाई गई थी। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि बैठक में एक भी वार्ड सदस्य उपस्थित नहीं हुए। जिसके बाद ब्अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस तरह उप मुखिया पूरे कार्यकाल तक बने रहेंगे।

## ब्रह्मपुर में सौदर्यीकरण तथा अन्य तैयारियों का बक्सर डीएम ने लिया जायजा

# सीएम नीतीश कुमार 27 को आएंगे ब्रह्मपुर सौंदर्यीकरण कार्यों का करेंगे निरीक्षण

♦ डीएम ने तालाब की सीढ़ियों पर पौधा लगाने एवं स्टील से फ्रेमिंग कराने, पर्याप्त साफ सफाई कराने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

सूबे के मुखिया नीतीश कुमार 27 जनवरी को ब्रह्मपुर आ रहे हैं। वे यहां पर्यटन विभाग द्वारा कराए गए बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर के सौंदर्यीकरण का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे गोकुल जलाशय भी देखने जा सकते हैं। इसको ले जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। गुरुवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ब्रह्मपुर पहुंच सौंदर्यीकरण तथा अन्य तैयारियों का जायजा लिए। इस दौरान उन्होंने अपने मातहतो को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा इस मंदिर का सौंदर्यीकरण कराया गया है। पिछले वर्ष जब मुख्यमंत्री इस मंदिर में दर्शन पूजन करने आए थे तो उन्होंने पर्यटन विभाग को इस मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद ही पर्यटन विभाग ने यहां मंदिर व तालाब का जीर्णोद्वार कराया है। निर्माण कार्य अभी जारी है। डीएम ने निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तालाब की सीढ़ियों पर पौधा लगाने एवं स्टील से फ्रेमिंग कराने, पर्याप्त साफ सफाई कराने सहित कई अन्य कार्यों के संबंध में संबंधित कार्यकारी एजेंसी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आने के पहले काम पूरा करा लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि अगले एक-दो दिनों में पहले फेज का कार्य पूर्ण हो जाएगा। जबकि दूसरे फेज के लिए जल्दी ही पर्यटन विभाग राशि स्वीकृत करेगा। इस दौरान डीएम ने मंदिर के प्रबंध समिति से भी बात कर जरूरी तैयारियों को समय रहते पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री के आगमन से जगी विकास की उम्मीद

ब्रह्मपुर में मुख्यमंत्री के आगमन को ले एक तरफ जहां प्रशासनिक चहलकदमी बढ़ गई है, वही दूसरी तरफ स्थानीय लोगों में इस बात की उम्मीद जगी है कि मुख्यमंत्री आएंगे तो ब्रह्मपुर तथा दियारा क्षेत्र के लिए विकास की सौगात लाएंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसके पहले भी बाबा ब्रह्मेश्वनाथ शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने आ चुके हैं। वही उन्हें गोकुल जलाशय का शांत तथा प्राकृतिक रमणीयता से भरा वातावरण भी खूब रास आता है। यही कारण है कि ब्रह्मपुर के साथ ही दियारा वासियों का उत्साह भी मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बढ़ गया है।

**क्या कहते हैं डीएम:** पर्यटन विभाग द्वारा ब्रह्मपुर शिवमंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने ही यह जानकारी दी है कि सौंदर्यीकरण का निरीक्षण करने 27 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आ रहे है। इसको लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया। मंदिर सौंदर्यीकरण के पहले फेज का काम लगभग पूरा हो गया है। जो काम शेष रह गया है, उसे एक दो दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया है। **- अंशुल अग्रवाल, डीएम, बक्सर**

### वंशवर में आयोजित शिक्षा संवाद में डीएम ने गिनाई लोक कल्याणकारी योजनाएं

**ब्रह्मपुर।** गुरूवार को स्थानीय जीबीओ प्लस टू उच्च विद्यालय वंशवर में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल ने किया। इस शिक्षा संवाद कार्यक्रम में डीएम ने शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे पोशाक योजना, छात्रवृति योजना, साईकिल योजना, किशोरी स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री 10वीं उतीर्ण बालक-बालिका प्रोत्साहन व मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री 12वीं उतीर्ण एससी/एसटी बालिका मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना (इंटर स्तरीय), मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना (स्नातक स्तरीय), बिहार दर्शन/परिभ्रमण योजना, कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, मिशन दक्ष, विशेष कक्षा, स्मार्ट क्लास, आधार केन्द्र, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना, कुशल युवा प्रोग्राम, अल्पसंख्यक बालक/बालिका छात्रावास योजना के बारे में वृहद तरीके से छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान विद्यालय के वुशु व जूडों के छात्र-छात्राओं माया कुमारी, सुभाष कुमार, अनीशा कुमारी, अंशिका एवं अन्य को डीएम ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वुशू एवं जूडो से संबंधित सुंदर प्रस्तुति दी।

# चार दिवसीय मां दूर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ जयघोष के साथ जलभरी शोभायात्रा शुरू





**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा महावीर मंदिर परिसर में गुरुवार को जलभरी शोभायात्रा के साथ मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू हो गया। जलभरी शोभायात्रा मंदिर परिसर से चलकर सोनवर्षा बाजार, इकिल गांव होते हुए पीपराढ़ स्थित छेरा नदी पहुंची। जहां पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 151 कलश में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु महिला व पुरुष कलश श्रद्धालुओं ने माथे पर लेकर गीत मंगल गाते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां 9 कुंड का यज्ञाचार्य के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू हो गया। इधर जलभरी शोभायात्रा यात्रा में बैंड बाजे, हाथी घोड़ा के साथ लोग माता की जयकारे लगा रहे थे। बताया जाता है कि मां दूर्गा के प्राण प्रतिष्ठा में ग्रामीण जनता के साथ व्यवसायी संघ के सहयोग से की जा रही है। जो प्रयागराज के प्रवचन कर्ता सह यज्ञाचार्य ब्रजकिशोर चंद्र शास्त्री जी महाराज के नेतृत्व में की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि चार दिन तक यज्ञ के बाद आगामी 22 जनवरी को मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा के साथ समारोह संपन्न हो जाएगी। जलभरी शोभायात्रा में सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष एवं बच्चे शामिल थे। इस यज्ञ के आयोजन से इलाके में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जलभरी के दौरान लोगों का यह उत्साह देखने को भी मिला। शीतलहर व कड़ाके की ठंड की परवाह छोड़ बड़ी संख्या में लोग जलभरी में शामिल हुए थे। सुबह से ही जलभरी में शामिल होने वाले श्रद्धालु नहा धोकर तथा शुभ वस्त्र पहन यज्ञ स्थल पर पहुंचे थे।

# मजदूरों को मिले उनका हक: ललन

**केटी न्यूज/केसठ**

अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा प्रखंड इकाई केसठ ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में 10 सूत्री को लेकर प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव ललन प्रसाद ने किया। संचालन बिरेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कमिटी सदस्य रेखा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 2022 तक सभी को पक्का मकान देने की बात कही गई थी। जिसका लाभ बिहार को नहीं के बराबर मिला। 2017 के बाद से राज्य पूरी तरह से उपेक्षित है। यही कारण है कि राज्य में आवासहीनता की तस्वीर भयावह है। लाखों मनरेगा मजदूरों को केंद्र सरकार पेट पर लात मार रही है।228 रुपए की दैनिक मजदूरी वाजिब नहीं है। न्यूनतम मजदूरी कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। भूमिहीन ग्रामीण स्तर पर आज भी सामंतो के शोषण और दमन का शिकार हो रहे है। समाजिक आर्थिक रिपोर्ट से बिहार में गरीबी आवास हीनता व शिक्षा की भयावह तस्वीर उभरकर सामने आई है। राज्य सरकार को इसके मद्देनजर गरीबी उन्मीलन के समेकित पैकेज बनाना चाहिए। वही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अक्षत भभूत नही रोजी रोटी आवास चाहिए। गरीब, दलित व महिलाओ को सम्मान चाहिए। इस दौरान बीडीओ केसठ मिथलेश बिहारी वर्मा को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मनरेगा मजदूरों को उचित दैनिक मजदूरी दी जाए, जॉब कार्ड को आधार से अनिवार्यता समाप्त की जाए। भूमिहीनों और पक्का आवास विहीन की सूची तैयार कर केंद्र को भेजा जाए। साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि पांच लाख करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने सहित अन्य मांग शामिल है। कार्यक्रम में जय बहादुर बारी, संजय पासवान, हीरालाल पासी सहित अन्य उपस्थित रहे।






## पुलिस की असंवेदनशीलता: पॉक्सो एक्ट की आरोपी अधीक्षिका की गिरफ्तारी का प्रयास नहीं

# पुलिस ने एक माह बाद पीड़ित बालक का दर्ज कराया बयान

**केटी न्यूज/बक्सर**



पुलिस केवल सामर्थवान व बलशाली के साथ खड़ी रहती है या कमजोर बेसहारा के साथ। इसका जीताजागता उदाहरण बक्सर पुलिस की असंवेदनशीलता से दिखाई पड़ रहा है। पुलिस कप्तान के आदेश को भी दरकिनार करने में पीछे नहीं हट रही है। विदित हो कि अधीक्षिका पर दिव्यांग बालकों के प्राईवेट पार्ट में मिर्च लगाने का बालगृह में रहने वाले बच्चों ने आरोप लगाया था। तत्कालीन अध्यक्ष मदन सिंह ने इस मामले की जांच कराने की गुहार डीएम अंशुल अग्रवाल से लगायी थी। डीएम ने तत्काल डीडीसी महेंद्र पाल की अध्यक्षता में टीम भी गठित कर दी थी। परंतु एक माह तक कोई जांच नहीं हुआ। बालगृह में लगे सीसीटीवी कैमरा तक को नहीं देखा गया। सूत्रों की मानें तो इस मामले की लीपापोती का हर संभव प्रयास किया था। मामला प्रकाश में आने के बाद बक्सर एसपी मनीष कुमार ने मामले की जांच करायी। मामला सत्य पाये जाने के बाद टाउन थाना में पाक्सो सहित अन्य धाराओं में अधीक्षिका के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज तो हुई। परंतु अधीक्षिका की गिरफ्तारी के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं पुलिस ने एक माह तक पीड़ित दिव्यांग बालक का माननीय कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान तक दर्ज नहीं कराया। एक माह बाद पुलिस ने कोर्ट के समक्ष दिव्यांग बालक का धारा-164 का बयान दर्ज कराया। वहीं इस संबंध में केस की अनुसंधानकर्ता एसआई ज्योति कुमारी से पूछे जाने पर अपना बचाव करते हुए कहा कि वह छुट्टी पर थी। इस कारण प्रक्रिया में विलंब हुआ है। वह अधीक्षिका की गिरफ्तारी का प्रयास करेंगी। वहीं अधिकारिक सूत्रों की मानें तो ज्योति कुमारी महज चार दिन की छुट्टी पर थीं। सूत्रों की मानें तो अधीक्षिका रेवती कुमारी पर कई बड़े अधिकारियों का हाथ था। यदि अधीक्षिका की गिरफ्तारी करते हुए सही तरीके से अनुसंधान किया जाएगा। तो कई अधिकारियों के नाम खुल कर सामने आ सकता है। जो इस संवेदनशील मामले का दबाना चाह रहे हैं। इस संबंध में सदर डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि इस मामले में कई लोगों का बयान धारा 164 क तहत दिलवाना है। बारी बारी से सबका बयान दिलवाया जा रहा है। दोषी कोई भी होगा तो उसे सजा जरूर मिलेगी।




# 1867 की उर्दू में लिखी बाल्मीकि रामायण आज भी संग्रहालय में सुरक्षित

- उबैदुर्रहमान सिद्दीकी गंगा -जमुनी तहजीब को देते रहे हैं गति, हिंदू महाकाव्य को लिखा उर्दू और फारसी में

**अखिलानंद तिवारी/ गाजीपुर**

उबैदुर्रहमान सिद्दीकी (इतिहासकार एवं लेखक) ने मीडिया को बताया कि 1869 ईस्वी में स्थापित चश्मय रहमत ओरिएंटल कालेज के संग्रहालय में अनेक फारसी, अरबी, उर्दू, संस्कृत तथा हिंदी की पांडुलिपियां सुरक्षित है। उनमें एक उर्दू लिपि में प्रकाशित बाल्मिकी रामायण 1867 की है, जो लखनऊ के प्रेस नवल किशोर से 352 पृष्टों में है। दरअसल गाजीपुर के मुहल्लाह मियांपुरा निवासी डिप्टी कलक्टर देवीप्रसाद साहब के कहने पर मोहल्ला रायगंज निवासी हरबख्त ज्ञानी परमेश्वर दयाल से उर्दू भाषा में अनुदित कराया था। जैसे किसी पुस्तक के सर्वाधिकार सुरक्षित रखने के लिए आज आईएसबीएन नंबर लिया जाता है ,उस समय पुस्तक की रजिस्ट्री हुआ करती थी। इस उर्दू बाल्मिकी रामायण के मुख्य पृष्ट पर लिखा है कि लेखक का सर्वाधिकार सुरक्षित रहे,इसलिए इस पुस्तक की रजिस्ट्री हसब एक्ट 25 1867 नंबर 10 तहत कराई गई है। ताकि अन्य





कोई इसका प्रकाशन न कर सके, वर्ना कानूनी कारवाई की जाएगी। हिंदू मान्यताओं में प्रचलित पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र जानने व समझने के लिए पहले मदरसों तथा गुरुकुलों के पाठ्यकर्मों में शामिल था। उसकी अब एक प्रति मदरसा चश्मय रहमत की लाइब्रेरी में है ,जिसको अपनी अंग्रेजी में गाजीपुर के इतिहास, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक पर लिखते समय देखा था। इसे पढ़कर यह भी पता चला कि नाट्यकला में भी इसका प्रयोग किया जाता था। इस पुस्तक की विशेषता है कि उर्दू भाषा के साथ साथ कही कही संस्कृत तथा हिंदी भाषा का प्रयोग हुआ है। इसमें रामलीला के कथानक बड़े ही रोचक है। श्रीराम के राज्याभिषेक के समय का श्रृंगार, राम भरत मिलाप व राम रावण महासंग्राम तथा लंका की वाटिका में माता सीता व्याकुल रहना तथा विजयोप्रांत विभीषण के राज्याभिषेक की स्थिति को भी चित्रों द्वारा दशार्या गया है. इसमें एक स्थान पर एक बेटे की कल्पना का विवरण दिया गया है, जो सभी का प्यारा है तथा पूरी तरह एक ह्लआदर्श बेटाह्व है. गौरव और प्रतिबद्धता की जिम्मेदारियां निभाने के लिए निकलने से पहले वह अपनी माताश्री के आशीर्वाद के अलावा कुछ अपने साथ नही ले जाता है। बस इतना कहता है कि ईश्वर का आशीर्वाद बना रहेगा तब तक वह जंगली वातावरण में भी अपनी माताश्री की उपस्थिति महसूस करता रहेगा ।

## खबरें फटाफट

### वाहन चेकिंग में तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को उतरौली नगसर मोड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक पल्सर बाइक, तंमचा और एक कारतूस के साथ श्याम कुमार उर्फ मोनू निवासी नगसर नेवाजू राय थाना नगसर हाल्ट को दबोच लिया। उसके उपरांत थाने लाकर उससे कड़ी पूछताछ के बाद उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसका मेडिकल मुआयना के बाद उसका चालान कर सक्षम न्यायालय में पेश किया। जहां आरोपों की गंम्भीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने दी।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 27 जनवरी को

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में दिनांक 27 जनवरी 2024 को कार्यक्रम का आयोजन निश्चित है। उक्त कार्यक्रम में शासन द्वारा निर्धारित भौतिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक विकास खण्डों हेतु 80, नगर पालिका मऊ हेतु 45 एवं अन्य समस्त नगर पंचयतों हेतु कुल 64 का भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों से अनुरोध है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में दिनांक 27 जनवरी 2024 को आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हो।

### मोदी को अपने खून से लिखा धन्यवाद पत्र

**चंदौली।** जिले के धानापुर ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को बाबा विश्वनाथ की धरती के गंगा किनारे अस्सी घाट पर अपने सौ समर्थकों के साथ पहुंच कर अपने खून से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कर अयोध्या में रामलीला का मंदिर बनवा कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा कराने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि जिस प्रकार बाबर की दास्तां की प्रतीक बाबरी मस्जिद के ढांचे को ढहा कर भव्य राममंदिर का निर्माण कराया गया है उसी प्रकार मुगल काल की गुलामी के अन्य दाग को मिटा कर सनातन धर्म की विजय पताका को लहराएंगें।

### कबड्डी में पांच टीमों ने किया प्रतिभाग

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्पर्धा-24 के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कबड्डी में कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीए प्रथम वर्ष की टीम ने बीए तृतीय वर्ष की टीम को 32-26 कांटे के मुकाबले में छह अंक से विजय प्राप्त किया। तृतीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की टीम ने एमए प्रथम वर्ष की छात्राओं को हराकर प्राप्त किया। बॉलीबॉल में प्रथम स्थान बीए की छात्राओं ने एमए की छात्राओं को हराकर प्राप्त किया। कैरम में प्रथम स्थान आफरीन परवीन, द्वितीय स्थान सिमरन श्रीवास्तव तथा तृतीय स्थान पर जुबैरिया रही। चेस में हुए मुकाबले में प्रथम स्थान निशांत फातिमा, द्वितीय स्थान श्रुति कुशवाहा एवं तृतीय स्थान पर खादिया परवीन रही।

## बावरिया गिरोह के बदमाशों के पास से आठ देशी तमंचे कारतूस बरामद

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में आठ शातिर बदमाश हुए घायल

**केटी न्यूज/ चंदौली**

पुलिस की बुधवार की देर रात बावरिया गिरोह के बदमाशों संग मुठभेड़ हो गयी जिसमें आठ बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज चल रहा है वहीं कुछ बदमाश अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गए जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पकड़े गये बदमाशों के पास से आठ देशी तमंचा 315 बोर, 7 खोखा कारतूस, 9 जिन्दा कारतूस, 4 लोहे की राड़ व रम्मा सहित प्लास पेचकस सहित जेवरात बरामद हुआ है।

बताते हैं कि सकलडीहा प्रभारी राजीव प्रताप सिंह को गुप्त सूचना मिली कि बाबरिया गिरोह के सदस्य बनजारे की तरह किसी बगीचे व बाजार से दूर निर्जन स्थान पर शाम से ही अस्थाई छोपड़ी बनाकर रहते हैं। देर रात्रि के बाद डकैती की घटना को अंजाम देते हैं। बुधवार को यह सभी भोजपुर रेलवे क्रासिंग से स्टेशन जाने वाले रास्ते पर देशी शराब की दुकान के पास बगीचे में रुके पड़े थे। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिया। जिसे संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने सभी के धड़-पकड़ के लिए सदर व सैयदराजा पुलिस को मदद के लिए लगा दिए। इस दौरान पुलिस के पहुंचने का पता लगने के बाद मौके पर मौजूद बदमाश बचने के लिए भागने लगे। पुलिस की टीम देखकर कुछ बदमाशों ने



असलहे से हवाई फायरिंग भी की। इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग किया, जिसमें चार सदस्य पुलिस की गोली से घायल होकर गिर पड़े। जबकि कुछ रेलवे ट्रैक पकड़ कर भागने में सफल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी सकलडीहा में भर्ती कराया, जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसमें बाबू सिंह, काकू, बिजेंद्र, महेंद्र, लालू सभी थाना मिलकिया शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। वहीं दूसरी तरफ मुगलसराय-अलीनगर पुलिस की काम्बिंग के दौरान कैली रिंग रोड पर एक बार फिर पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस से बचने व भागने की फिराक में फायर झोंक दिया। जवाब में पुलिस टीम की फायरिंग में 4 बदमाश घायल हो गए। जबकि 2 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे।

घायलों में पर्वत गोसाई, बाबू गोसाई, मोहनपाल, महिपाल सभी शाहजहांपुर के निवासी हैं। बदमाशों ने बताया कि तीन दिनों से सकलडीहा बाजार में बड़े दुकानों की कागज व कपड़े से बने फूलों को बेचने के बहाने रेकी करते थे। एसपी डा.अनिल कुमार ने बताया कि अलीनगर व सकलडीहा में हुई अलग-अलग पुलिस मुठभेड़ में 8 बदमाश गोली लगने से घायल हुए हैं। ये सभी दिन में रेकी कर रात में घटना को अंजाम देते थे। सभी अस्पताल में भर्ती कराए जाने के साथ ही अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## डीएम के निर्देश पर मऊ जनपद में धारा 144 लागू

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि जनपद मऊ में मो०हजरत अली का जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, संत रविदास जयंती, बसंत पंचमी आदि व लोक सभा चुनाव 2024 एवं विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत असामाजिक तथा अवांछनीय तत्वों द्वारा शान्ति भंग का प्रयास किया जा सकता है। असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों से सम्पूर्ण मऊ जनपद के नगरीय व देहाती क्षेत्रों में कहीं भी अथवा सम्पूर्ण जनपद में जनजीवन अस्त व्यस्त होने व लोक शान्ति के भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गयी है। उक्त के दृष्टिगत मुझे यह भी समाधान हो गया है कि मऊ जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में दिनांक 18 जनवरी 2024 से असामाजिक तत्वों की अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम हेतु अस्त्र शस्त्र लेकर चलने, अवांछित तत्वों द्वारा आपत्तिजनक नारे लगाने तथा आपत्तिजनक भाषण को रोकने एवं बिना अनुमति के 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने को प्रतिषेध करने वाली निषेधाज्ञा तत्काल जारी किया जाना अत्यन्त ही आवश्यक एवं अपरिहार्य हो गया है। ऐसी आपात स्थिति में प्रत्येक सम्बन्धित को व्यक्तिगत नोटिस देना एवं तामिला संभव नहीं है।

## एक ही रात दो दुकानों का शटर काटकर हजारों रुपये की चोरी



**केटी न्यूज/ सिंहाचवर**

फेफना थाना क्षेत्र के सिंहपुर चट्टी पर चोरों ने बुधवार की देरात दो दुकान का शटर तोड़कर 5 हजार नकदी सहित हजारो रुपए के किराना का सामान उड़ा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार सिंहपुर चट्टी पर किराना व्यापारी व साइकिल पंक्चर की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। अंचल कुमार सिंह पुत्र लल्लन सिंह ग्राम सदकापुर पोस्ट गोसलपुर थाना करीमुद्दीनपुर जिला गाजीपुर का निवासी है। सिंहपुर चट्टी पर वर्षों से किराना की दुकान चलाने का काम करता है। बुधवार की देरात अज्ञात चोरों द्वार दुकान का शटर तोड़कर गल्ला से 5 हजार रुपए की नकदी सहित दुकान से दाल, चीनी, तेल आदि कीमती समान उठा ले गए हैं। वहीं दूसरी ओर मुन्ना राम साइकिल पंक्चर बनाने का काम करते हैं। बीती रात को इनके भी दुकान से चोरों ने हजारों का साइकिल बनाने का सामान चुरा ले गए हैं।

## मऊ नगर पालिका ने चलाया स्वच्छ तीरथ क्लीन सिटी व प्लास्टिक फ्री सिटी अभियान

**केटी न्यूज/ मऊ**

डीएम के निर्देश के क्रम में नगर पालिका मऊ द्वारा 14 जनवरी से स्वच्छ तीरथ' व 'क्लीन सिटी एवं प्लास्टिक फ्री सिटी अभियान अनवरत चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य नगर में स्थित धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई कर सौंदयीकरण करना है। जिसके क्रम में आज नगर में स्थित मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की गयी तथा पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पालिका कार्यालय व उसके आस-पास के क्षेत्र की व्यापक रूप से साफ-सफाई की गयी एवं प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया साथ ही आमजन में जूट से बने थैले का वितरण भी किया गया। यह अभियान



आगामी 21 जनवरी तक अनवरत चलाया जायेगा। पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने श्रमदान करते हुये अपने वक्तव्य में कहा कि सफाई हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसके बिना हमारा स्वास्थ्य सदैव कुप्रभावित रहेगा और हम स्वास्थ्य के अभाव में अपने दायित्वों का भी ठीक ढंग से पालन नहीं कर सकेंगे। विगत 14 जनवरी से चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर को प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाने में आम लोगों को प्रेरित कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित कराना है। इसी आशय से उन्होंने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने एवं राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने हेतु चलाये जा रहे सभी अभियानों में आम जनता से सम्मिलित होने की भी अपील की है। इस अभियान दिनेश कुमार, संतोष कुमार,सत्य प्रकाश सहित अन्य मौजूद थे।

## डीएम के निर्देश पर जनपद स्तरगठित टीम के माध्यम से कलाकारों का हुआ चयन

# पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अंतर्गत मना सांस्कृतिक उत्सव

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अन्तर्गत आयोजित होने वाले संस्कृति उत्सव- 2023 के अन्तर्गत जनपद स्तर पर गायन, वादन, नृत्य में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को विजेता होने पर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया गया। जनपद में गठित टीम के माध्यम से जिले स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता कराकर चयन की कार्रवाई की गई। गठित टीम के माध्यम से गुरुवार को प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रतियोगिता आडिटोरियम कक्ष विकास भवन में





कराई गई। जिसमें चयनित सांस्कृतिक कलाकार महेश सिंह यादव- बिरहा गायन, विद्या निवास पाण्डेय- समूह लोकगीत, राकेश कुमार- लोकगीत (एकल), शाम्भवी उपाध्याय- लूर्दस कान्वेन्ट स्कूल, भूमि कुमारी- एकल नृत्य एवं पायल वर्मा एवं- समूह (भजन) चयन किया गया। चयनित प्रतिभागी कलाकारों की सूची मण्डल स्तर पर संस्कृति विभाग द्वारा प्रतियोगिता हेतु भेजा जायेगा। इस अवसर पर गठित टीम के सदस्यगण उपस्थित रहे। जनपद में संस्कृति उत्सव के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी दिनों में होने वाले मंडलीय कार्यक्रम हेतु अपनी आशीर्वचन दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि हर साल की इस वर्ष भी कलाकारों को नया मंच मिलेगा। जिसमें वह अपनी प्रतिभा को उभारेंगे। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। ताकि उनकी प्रतिभा पर किसी तरह की आंच नहीं आये। कार्यक्रम में राकेश कुमार जिला सूचना अधिकारी एवं दिब्या तिवारी पर्यटन अधिकारी जनपद गाजीपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से अज्ञात युवक की मौत

**चितबड़ागांव।** बलिया वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुजायत गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास गुरुवार की तड़के सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। बता दें कि गुरुवार की तड़के सुबह युवक पैदल ही कहीं जा रहा था। तभी सुजायत गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक कहां का है, क्या नाम है फिलहाल कुछ पता नहीं चल सका है। चितबड़ागांव थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि युवक के शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एनडीपीएस के मामले में आरोपी को पांच वर्ष सजा

**बलिया।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी को गुरुवार की दोपहर पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 15 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। आरोपी का नाम विजेन्द्र दुबे पुत्र स्वर्गीय बालेश्वर दुबे निवासी अगरौली दोपही का रहने वाला है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्ष 2017 में हल्दी थाने में विजेंद्र दुबे के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत किया। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद न्यायालय ने विजेंद्र दुबे को दोषी पाया। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी विजेंद्र दुबे को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### सेंध मारकर लाखों रूपए के आभूषण चोरी

**बिल्थरारोड।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के मामपुर महदेवा गांव में चोरों ने दीवार में सेंध मारकर 31 हजार नगदी समेत लगभग दो लाख के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित द्वारा भीमपुरा थाने में दे दी गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामपुर महदेवा गांव निवासी सुरेन्द्र राम पुत्र स्वर्गीय चन्द्रदेव के घर की महिला एक कमरे में सोयी हुई थी। रात्रि में चोरों ने घर के पीछे से सेंध मारकर अंदर घुसकर कमरे में रखा तीन बक्सा जिसमें रखे 31 हजार रुपये नगद और दो सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठी, दो नथिया और तीन चांदी का पायल और अन्य आभूषण चुरा ले गए। इस घटना की लिखित तहरीर सुरेन्द्र राम द्वारा भीमपुरा पुलिस को दे दी गयी है।

### प्राचीन मंदिर में नर्वदेश्वर महादेव की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**चंदौली।** बरहनी विकास खंड के दुबौलिया गांव में गुरुवार को भक्ति और भाव की अलख जगी। अति प्राचीन शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नर्वदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो श्रीराम, लक्ष्मण और माता-सीता की प्रतिमा भी स्थापित की गई। गुरुवार को शिव लिंग का रुद्राभिषेक किया गया। ग्रामीणों और क्षेत्रीयजनों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। प्राचीन शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुबौलिया गांव का वातावरण पिछले दो दिनों से भक्तिमय बना हुआ है। बुधवार को कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरुआत हुई। इस दौरान ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में ओमकार दुबे, विकास दुबे, प्रभाकर दुबे, अनिल दुबे, विमल दुबे, जयप्रकाश सिंह, गोविंद रमण दुबे, दीपक दुबे, मनोज दुबे, अनंत दुबे, जयप्रकाश दुबे, प्रमोद दुबे, राधेश्याम दुबे, अजीत दुबे, आलोक दुबे, अरुण सिंह, नीरज, वैभव, भोदू प्रजापति, बेचू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### कोलकाता से अयोध्या जा रहा क्रूज रेत में फंसा

**मऊ।** कोलकाता से अयोध्या जा रहा कैटामारन इलेक्ट्रिक जलयान गुरुवार को भी बलिया के रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत बशिष्ठ नगर गांव के सामने नदी सरयू में फंसा रहा। हालांकि नदी सरयू में फंसे जलयान को निकालने का प्रयास जारी हैं। जलयान को निकालने के लिए दो क्रूज लगे हुए हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जलयान बुधवार की शाम नदी में पानी कम होने की वजह से जलयान बालू की रेत में फंस गया था। जबकि निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक जलयान को बुधवार को सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के खरीद से होकर गुजरना था। इसके लिए दरौली स्थित पीपा पुल को हटाने का भी कार्य किया गया था। कोलकाता के सागर आइलैंड से बीते सात जनवरी को रवाना हुए जलयान को हर हाल में 17 जनवरी को खरीद से रवाना हो जाना था। लेकिन मंगलवार को मांझी घाट के पास भी नदी में पानी कम होने की वजह से वहीं रोकना पड़ गया था। बुधवार को जलयान जेपी नगर से जैसे ही आगे बढ़ा नदी में ढलान की वजह से पानी का लेवल काफी कम हो गया लिहाजा जलयान नदी के रेत में फंस गया। बता दें कि केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी जलमार्ग परियोजना के तहत कोलकाता से अयोध्या के मध्य सरयू नदी के इस मार्ग को राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 40 घोषित किया गया है। जिसका उद्देश्य जल परिवहन सेवा के साथ-साथ कारोबार को गति देना है। जिसे मूर्त रूप देने के लिए उक्त जलयान रवाना किया गया था।




